सीबीएसई 12वीं रिजल्ट

4 दैनिक जागरण जमशेदपुर, 14 मई, 2026

सिद्रा अनम व कृतज्ञामणि ने 92 प्रतिशत अंक लाकर इस्टीम स्कूल में किया टाप

जासं चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। टापर्स में सिद्रा अनम एवं कृतज्ञामणि ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं चंद्रशेखर दास 90 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। समीहा अहमद एवं उमंग प्रजापति ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निदा अहमद ने 86 प्रतिशत अंक लाकर चतुर्थ, रिया महतो ने 83 प्रतिशत अंक के साथ पंचम, नौशीन फातिमा ने 81 प्रतिशत अंक के साथ छठा तथा आश्रय सिंह ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। साथ ही सुमित कुमार मिश्रा, निष्ठा कोरवा, सूरज देवगम, आयुष सिंह, विशाल टुडू, शिवम सिंकू एवं सिद्धि जिंदल ने भी बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा होती है। जरूरत केवल उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और बेहतर अवसर प्रदान करने की होती है। प्राचार्य टी. कुमार ने सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कृतज्ञामणि 92%

सिद्रा अनम 92 %

चंद्रशेखर दास 90%

समीहा अहमद 88%

निदा अहमद 86 %

आश्रय सिंह 80 %

रिया महतो 83 %

नौशीन फातिमा 81%

उमंग प्रजापति 88 प्रतिशत।

जमशेदपुर, गुरुवार 14.05.2026 प्रभात खबर

इस्टीम पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रिजल्ट

साइंस में सिद्रा व कृतज्ञामणि 92% अंकों के साथ बने संयुक्त टॉपर

चाईबासा. इस्टीम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसइ 12वीं बोर्ड की साइंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. बुधवार को घोषित परिणाम में सभी छात्र-छात्राएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा. साथ ही सुमित कुमार मिश्रा, निष्ठा कोरवा, सूरज देओगम, आयुष सिंह, विशाल टुडू, शिवम सिंकु और सिद्धि जिंदल ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया. चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा होती है, जिसे उचित मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है. प्राचार्य टी. कुमार ने खुशी जतायी.

साइंस के टॉपर

सिद्रा अनम	: 92%
कृतज्ञामणि	: 92%
चंद्रशेखर दास	: 90%
समीहा अहमद	: 88%
उमंग प्रजापति	: 88%
निदा अहमद	: 86%
रिया महतो	: 83%
नौशीन फातिमा	: 81%
आश्रय सिंह	: 80%

कृतज्ञामणि. उमंग प्रजापति

www.livehindustan.com हिन्दुस्तान 04
जमशेदपुर, गुरुवार, 14 मई 2026

इस्टीम पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

सरायकेला, संवाददाता। इस्टीम पब्लिक स्कूल चालियामा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर रिजल्ट से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बुधवार को घोषित परिणाम में सभी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय के बेहतर रिजल्ट हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के रूप में प्रथम टॉपर सिद्रा अनम एवं कृतज्ञामणि 92% लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं, चंद्रशेखर दास 90% लाकर द्वितीय टॉपर, समीहा अहमद एवं उमंग प्रजापति 88% लाकर तृतीय टॉपर, निदा अहमद 86% लाकर चतुर्थ टॉपर, रिया महतो 83% लाकर पंचम टॉपर, नौशीन फातिमा 81% लाकर छठा टॉपर एवं आश्रय सिंह 80% लाकर सातवां टॉपर हुए। साथ ही सुमित कुमार मिश्रा, निष्ठा कोरवा, सूरज देओगम, आयुष सिंह, विशाल टुडू, शिवम सिंकु, सिद्धि जिंदल ने भी अच्छे प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज झा ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।